प्रसार भारती

आकाशवाणी शिमला

04.02.2026 / प्रादेशिक समाचार / 15:00बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राजस्व घाटा अनुदान आरडीजी का बंद होने हिमाचल की आर्थिकी के लिए बहुत बड़ा धक्का है। मुख्यमंत्री ने आज शिमला के कैथू में राज्य सहकारी बैंक की शाखा के शुभारंभ के मौके पर पत्रकारों से बातचीत में कहा कि इस मामले पर 8 फरवरी को मंत्रिमडल की बैठक में मंथन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आरडीजी मामले पर सर्वदलीय बैठक बुलाकर एक प्रस्तुति भी दी जाएगी ताकि प्रदेश की आर्थिकी पर चर्चा हो सके। उन्होंने कहा कि सरकार प्रदेश की भूमि पर लगी जलविद्युत परियोजनाओं से टैक्स वसूलेगी ताकि राज्य की आय में बढ़ोतरी हो सके।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आर.डी.जी. हिमाचल के विकास के लिए जीवन रेखा है और इसके बंद होने का असर प्रदेश की अर्थव्यवस्था पर पड़ेगा। उन्होंने कहा कि आर.डी.जी. बहाल करने के लिए प्रदेश की जनता को भी संघर्ष के लिए तैयार रहना होगा। उन्होंने भाजपा को भी चुनौती दी कि वह स्पष्ट करे कि पार्टी आर.डी.जी. बंद होने के पक्ष में है या विरोध में।

हर्ष महाजन

केंद्रीय जल शक्ति राज्य मंत्री राज भूषण चौधरी ने बताया कि केंद्र सरकार ने हिमाचल प्रदेश को जलजीवन मिशन, बाढ़ प्रबंधन, कमांड एरिया विकास और प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत बड़े स्तर पर वित्तीय सहायता प्रदान की है। राज्य सभा सांसद डॉक्टर हर्ष महाजन द्वारा संसद में पूछे गए सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि जलजीवन मिशन के तहत वर्ष 2022–23 में हिमाचल को दो हजार 163 करोड़ 83 लाख जबकि 2023–24 में 9 सौ 50 करोड़ 52 लाख और 2024–25 में 2 सौ 28 करोड़ उपलब्ध करवाए गए हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इसके अलावा बाढ़ प्रबंधन कार्यक्रम के अंतर्गत वर्ष 2023–24 में हिमाचल को 30 करोड़ 16 लाख रूपए की केंद्रीय सहायता जारी की गई है।

विश्व कैंसर दिवस

आज विश्व कैंसर दिवस है। हर साल 4 फरवरी को दुनिया भर में कैंसर के बारे में जागरूकता बढ़ाने, इसके शुरूआती लक्षणों को पहचानने, रोकथाम व उपचार के प्रति लोगों को शिक्षित करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। इस वर्ष विश्व कैंसर दिवस की थीम है यूनाइटेड बाय यूनिक। प्रदेश में भी विश्व कैंसर दिवस के मौके पर आज कई जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं।

दुग्ध उत्पादन

हमीरपुर के उपायुक्त गंधर्वा राठौड़ ने पशुपालन विभाग और मिल्क फैडरेशन के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि दुग्ध सोसाईटियों के गठन के साथ–साथ संबंधित क्षेत्रों में दूध के उत्पादन की क्षमता का भी आंकलन करें। उन्होंने अधिकारियों को अधिक उत्पादन की संभावनाओं वाले क्षेत्रों में दूध एकत्रीकरण और परिवहन के लिए सभी आवश्यक प्रबंध करने को भी कहा ताकि इन सोसाईटियों को कार्यशील बनाया जा सके। उपायुक्त आज जिले में दुग्ध सोसाईटियों के गठन की समीक्षा कर रहे थे। जिले में अभी तक 42 दुग्ध सोसाईटियों का गठन कर लिया गया है। सहकारिता विभाग ने इनमें से अधिकांश सोसाइटियों का ऑनलाईन पंजीकरण कर लिया है।

चंबा ट्रैफिक

चंबा जिला मुख्यालय में बढ़ते वाहनों के दबाव और ट्रैफिक की समस्या से निपटने के लिए चम्बा पुलिस ने एक अलग पहल की है। अब शहर की सड़कों पर पुलिस के साथ राजकीय महाविद्यालय चम्बा के एनएसएस स्वयंसेवी भी यातायात संभालेंगे। ट्रैफिक पुलिस द्वारा शुरू किए गए विशेष जागरूकता अभियान के तहत कुल 11 स्वयंसेवियों को विशेष प्रशिक्षण देने के बाद फील्ड में उतार दिया गया है। चंबा के पुलिस अधीक्षक विजय कुमार सकलानी ने बताया कि इन स्वयं सेवियों को प्रशिक्षण देने का मुख्य उद्देश्य भविष्य के लिए एक जिम्मेदार नागरिक तैयार करना और शहर की ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाना है।

मौसम

प्रदेश की ऊंची चोटियों पर बीते दिनों हुए हिमपात और मैदानी क्षेत्रों में बारिश से अधिकतम तापमान में करीब 8 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई है। बीते तीन दिनों में सामान्य से एक सौ 29 फीसदी ज्यादा बारिश दर्ज की गई है। मौसम विभाग ने किन्नौर और लाहौल स्पीति में आज हिमस्खलन की चेतावनी दी है। इसे देखते हुए स्थानीय लोगों, पर्यटकों, ट्रैकर्स और वाहन चालकों को एहतियात बरतने की सलाह दी गई है। विभाग ने आज व कल मौसम साफ रहने का पूर्वानुमान जारी किया है।

————————————